आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–28 फरवरी 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की राजस्व प्राप्ति की समीक्षा। फरवरी तक प्रदेश में हुआ एक करोड़ छियानबे लाख करोड़ रूपये से अधिक का राजस्व संग्रह।
- होली के अवसर पर मुख्यमंत्री आज लखनऊ में उज्ज्वला योजना के लाभार्थी महिलाओं को मुफ्त एलपीजी गैस सिलिण्डर रिफिल का देंगे अनुदान। तीन मार्च को भी अवकाश घोषित करने के साथ होली से पहले सभी राज्यकर्मियों को वेतन भुगतान का निर्देश।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुधारों और व्यापार सुगमता के लिए नीतियों के प्रभावी कार्यान्वयन पर दिया जोर। कहा– सुगम व्यापार और प्रौद्योगिकी आधारित सुशासन से रिफार्म एक्सप्रेस पर सवार है देश।
- प्रदेश भर में रंगभरी एकादशी के साथ शुरू हुआ होली उत्सव। मथुरा, काशी और अयोध्या में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में वित्तीय वर्ष–दो हजार पच्चीस–छब्बीस में एक अप्रैल से लेकर फरवरी तक के राजस्व प्राप्ति की समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि राजस्व का वार्षिक लक्ष्य दो लाख पंचानबे हजार करोड़ निर्धारित है, जिसके सापेक्ष फरवरी दो हजार छब्बीस तक एक लाख छानबे हजार एक सौ सतहत्तर करोड़ रूपये की प्राप्ति हो चुकी है। इसी तरह राज्य कर जीएसटी और वैट का लक्ष्य एक लाख पचहत्तर हजार सात सौ पच्चीस करोड़ रूपये है, जिसके सापेक्ष अब तक एक लाख तीन हजार सात सौ सत्तर करोड़ रूपये की प्राप्ति हुयी है। एक रिपोर्ट–

***समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बढ़ता राजस्व प्रदेश में बुनियादी ढांचा, सामाजिक कल्याण, रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास को गति देता है। श्री योगी ने स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग से रजिस्ट्री कार्यालयों के आधुनिकीकरण की गति बढ़ाने के निर्देश दिये। परिवहन निगम को नये रूट का चयन कर निजी बस संचालकों के सहयोग से बेहतर परिवहन सेवा उपलब्ध कराने को कहा। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने होली के त्योहार पर आबकारी विभाग को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी दशा में अवैध एवं जहरीली शराब न बनने पाय और न ही उसकी बिक्री हो सके। समाचार कक्ष से अरूण।***

**********

होली के त्योहार पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लोकभवन में उज्ज्वला योजना के लाभार्थी महिलाओं को मुफ्त एलपीजी गैस सिलिण्डर रिफिल का अनुदान प्रदान करेंगे। वर्ष दो हजार सोलह में शुरू हुयी प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में वर्तमान में प्रदेश में एक करोड़ छियासी लाख महिला लाभार्थी हैं। प्रदेश इस योजना के क्रियान्वयन में अग्रणी राज्य रहा है। सरकार की ओर से वर्ष में दो बार होली और दीपावली पर योजना के लाभार्थियों को मुफ्त सिलिण्डर उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में इसके लिये पन्द्रह सौ करोड़ रूपये की धनराधि का प्राविधान किया गया है। उधर, होली के मद्देनजर ही

मुख्यमंत्री ने तीन मार्च को भी अवकाश घोषित कर दिया है। प्रदेश में पहले दो और चार मार्च को होली का अवकाश निर्धारित था। तीन मार्च को सरकारी दफ्तर खुलने थे लेकिन कर्मचारियों और शिक्षक संगठनों की मांग पर मुख्यमंत्री ने आज कार्यदिवस घोषित करने के साथ ही तीन मार्च को अवकाश घोषित किया है। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि राज्य कर्मचारियों को होली से पहले वेतन भुगतान में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। श्री योगी ने आउटसोर्सिंग, संविदाकर्मी, सफाईकर्मी समेत सभी श्रेणी के कर्मियों का भुगतान भी त्योहार से पहले सुनिश्चित करने को कहा है।

**********

विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना कल कानपुर में आयोजित एमएसएमई लीडरशिप कॉन्क्लेव में शामिल हुए। इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास कर रही है जो प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनॉमी बनाने में कारगर साबित होंगे।

**उद्योगों को आप माहौल मिला उत्तर प्रदेश में काम करने का और इंडस्ट्रीज बहुत खुश है। प्रदेश सरकार उद्योगों को और उद्यमियों के लिए बहुत प्रयास कर रही है कि कैसे एनवायरमेंट बनाया जाए यूपी 1 ट्रिलियन इकॉनमी पर पहुंचने के लिए इंडस्ट्रीज का बहुत बड़ा योगदान होगा। मुझे विश्वास है कि दोनों तरफ से सरकार की तरफ से और इंडस्ट्रीज की तरफ से भी एक माहौल बनेगा जिसके कारण उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रियल के मोस्ट प्रेफर्ड डेस्टिनेशन के नाते से जाना जाएगा।**

कॉन्क्लेव में प्रदेश के राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल के साथ उद्योग जगत के लोग भी उपस्थित रहे।

**********

प्रदेश सरकार के मंत्रियों ने कल विभिन्न जनपदों में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा की। अम्बेडकरनगर में प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव, शाहजहाँपुर में प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास योजनाओं, निर्माण कार्यों, और कानून–व्यवस्था की प्रगति जांची। पशुधन कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने मेरठ में समीक्षा के दौरान बताया कि सभी विभागों को 2026– 27 की कार्य योजना 15 अप्रैल तक बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

**निर्देश दिए गए कि गत वर्ष जितनी सड़कें बनानी थी उनको क्या पूरा कर लिया गया है और क्या कुछ अभी अधूरी हैं तो उन्हें कब तक पूरा कर लिया जाएगा तो इस वर्ष की सड़कें मार्च तक पूरी कर ली जाएंगी और अधूरे काम को पूरा करना और नए वर्ष का हर विभाग अपनी कार्य योजना 2026–27 की 15 अप्रैल तक आवश्यक रूप से बना लेगा। तद अनुसार कार्य करेगा। ऐसे जनपद मेरठ के सभी विभाग जिले से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार द्वारा प्रक्रियाओं को सरल बनाने, सुगम व्यापार और प्रौद्योगिकी आधारित सुशासन के विस्तार के साथ देश रिफार्म एक्सप्रेस पर सवार है। कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार और वित्त विषय पर आयोजित बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय बजट पालिसी रोडमैप होता है।

***राष्ट्रीय बजट पॉलिसी रोड मैप होता है। इसलिए बजट की प्रभावशीलता का आकलन भी ठोस पैरामीटर पर किया जाना चाहिए। ऐसी नीतियां, जो इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करें, जो क्रेडिट के प्रवाह को आसान बनाएं, जो इज–ऑफ–डूइंग बिजनेस बढ़ाएं, जो गवर्नेंस में ट्रांसपेरेंसी बढ़ाएं, जो जनता का जीवन आसान बनाए।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि सुधार की गति को बनाए रखने के लिए नीतिगत इरादों तक ही सीमित न रहकर उत्कृष्ट क्रियान्वयन पर भी ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने एआई, ब्लॉक चेन और डेटा एनालिटिक्स के व्यापक उपयोग के माध्यम से पारदर्शिता, गति और जवाबदेही बढ़ाने पर जोर दिया।

**********

देशभर में रंगभरी एकादशी के साथ होली उत्सव का शुभारंभ हो गया है। मथुरा वृंदावन में कल श्री बांके बिहारी मंदिर में भक्तों ने फूलों और अबीर गुलाल की होली खेली। इस मौके पर देश विदेश से बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु भक्ति के रंग में डूबे नज़र आए। एक रिपोर्ट.....

**श्री बांके बिहारी मंदिर के पट खुलने के साथ ही पूरा मंदिर परिसर ठाकुर बांके बिहारी के जयकारों से गूंज उठा। ठाकुर जी को विशेष केसरिया रंग और फूलों से तैयार रंग अर्पित किया गया। मंदिर के सेवायत गोस्वामी समाज की ओर से ठाकुर जी के भक्तों पर जमकर अबीर–गुलाल और फूलों की बारिश की गई। वृंदावन और मथुरा की गलियों से लेकर मंदिरों तक अबीर–गुलाल उड़ता दिखाई दिया। मोहम्मद उमर कुरैशी, आकाशवाणी समाचार मथुरा।**

वाराणसी में भी रंगभरी एकादशी पर उत्सव का माहौल रहा। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में परंपरा के अनुसार महादेव की चल प्रतिमा को मंदिर परिसर में लाया गया, जहां भक्तों ने महादेव को अबीर, गुलाल अर्पित किया। वहीं काशी के हरिश्चंद्र घाट पर भस्म होली खेली गई।

भगवान राम की नगरी अयोध्या में रंगभरी एकादशी के पावन अवसर पर हनुमानगढ़ी में विराजमान हनुमान जी का पूजन–अर्चन कर होली उत्सव की विधिवत शुरुआत की गई। रंगभरी एकादशी पर नागा साधुओं ने हनुमान जी को अबीर–गुलाल अर्पित किया। इसके बाद ढोल–नगाड़ों और जयकारों के बीच नागा साधुओं ने रामनगरी के प्रमुख मठ–मंदिरों में पहुंचकर होली का निमंत्रण दिया। अबीर–गुलाल उड़ाते साधुओं ने महंत संजय दास की अगुवाई में परंपरा के अनुसार पंचकोसी परिक्रमा भी की।

**********

भारतीय सेना और वायु सेना की ओर से संयुक्त रूप से गोरखपुर में आयोजित मेगा सर्जिकल नेत्र शिविर का कल समापन हो गया। इस नेत्र शिविर में सेना के चिकित्सकों ने रिकॉर्ड 374 लोगों की आंखों का सफल ऑपरेशन किया। शिविर में पड़ोसी देश नेपाल समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, देवरिया, महराजगंज और गोरखपुर जिलों के ग्रामीण इलाकों से मरीज इलाज के लिए पहुंचे। शिविर के समापन के अवसर पर एयर ऑफिसर कमांडिंग–इन–चीफ, सेंट्रल एयर कमांड एयर मार्शल बी. मणिकांतन उपस्थित रहे।

**********